हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 5 मार्च 2025

11 ढाणी बानिया के युवक ने फाइनेंसर के दबाव में ...



12 पार्षदों के विरोध के बीच बजट बैठक हुई संपन्न...




!! महायोगी गुरुगोरक्षनाथाय नमः!!
!! श्री बाबा मस्तनाथो विजयतेतराम!!



गोरक्ष स्वरूप सिद्ध शिरोमणि
बाबा मस्तनाथ जी महाराज

ॐ श्री बाबा मस्तनाथ मठ
अस्थल बोहर, रोहतक, हरियाणा

BABA MASTNATH UNIVERSITY ROHTAK
विधेयम् जन सेवनम्

सादर आमंत्रण

18वीं सदी से चली आ रही परम्परानुसार

## सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी

की पुण्य स्मृति में लगने वाला

तपस्वी रणपतनाथ योगी जी

तपस्वी मानधातानाथ योगी जी

# सालाना मेला व भण्डारा

दिनांक : 6, 7 व 8 मार्च, 2025

तदनुसार फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष : सप्तमी, अष्टमी, नवमी को मनाया जा रहा है।

इस बहुआयामी आध्यत्मिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अतः सभी महानुभाव, साधु-संत, योगी-संन्यासी, माता बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं श्रद्धालु, परिजन-पूरजन-स्वजन के साथ पहुँचकर मेले का आनन्द उठाएँ तथा बाबा जी की दिव्य कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करें।

श्रीयुत् श्रेयोनाथ जी महाराज

श्रीयुत् चाँदनाथ जी महाराज

मेले के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## विशाल भजन संध्या | इनामी कुश्ती दंगल

दिनांक : 6 मार्च, 2025

कुश्ती दंगल के इनाम

दिनांक : 8 मार्च, 2025

पहला इनाम ₹ 1,51,000/-
दूसरा इनाम ₹ 1,00,000/-
तीसरा इनाम ₹ 51,000/-
चौथा इनाम ₹ 31,000/-

इसके अलावा और भी अन्य इनाम दिये जाएंगे।





शुभचिंतक - महंत बालकनाथ योगी

गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा) | कुलाधिपति-बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय | विधायक-तिजारा एवं पूर्व सांसद, अलवर व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा (राजस्थान)

MahantBalaknathyogiIndia @MahantBalaknath Mahant Balaknath Yogi https://bmu.ac.in

BMU BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak, Haryana, 124021, INDIA
www.bmu.ac.in
Email: registrarbmu@gmail.com

SBMN RESI. SAINIK SCHOOL
Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph : 9053066641/42
www.sbmnssrps.com

SBMN SCHOOL
Civil Road, Rohtak-124001
Ph : +91-1262-256267
www.smpsrohtak.com

## खबर संक्षेप



### एनएसएस शिविर में दिया स्वच्छता का संदेश

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय अटेली में चल रहे सात दिवसीय एनएनएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने गांव उनिंदा के शहीद स्मारक, बस स्टैंड और राजकीय पाठशाला के पास कॉरिडोर में श्रमदान कर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों के मध्य जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बोलने की आजादी आदि विषयों पर भाषण प्रतियोगिता हुई। एनएसएस महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता छाबड़ा ने स्वयंसेवकों को मोबाइल के एडिक्शन व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय में विस्तार से समझाया।

### पीजी कॉलेज में स्थापना दिवस मनाया

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण का 175वां स्थापना दिवस प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में मनाया गया। प्रेस प्रवक्ता प्रो. डा. चन्द्र मोहन ने बताया कि इस अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया, साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक्टिविटीज को दर्शाती एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर ने भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की टीम का स्वागत किया और कहा कि हमें गर्व है कि हमारे भू-विज्ञान विभाग के पूर्व छात्र भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं में अपनी सेवाएं देते रहे है।

### शिव मूर्ति एवं प्रवेश द्वार अनावरण समारोह आठ को

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव धनुंदा में शिव मूर्ति एवं नेशनल हाईवे पर प्रवेश द्वार अनावरण समारोह आठ मार्च को किया जाएगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी तेजप्रकाश ने बताया कि आठ मार्च शनिवार स्वर्गीय ताराचंद की याद में सुबह 11 बजे शिव मूर्ति स्थापना एवं प्रवेश द्वार का अनावरण सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह करेंगे।

### पिता की पुन्यतिथि पर लगाई सवामणि

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय श्री गोशाला धोलपोश आश्रम में मंगलवार को सवामणी आयोजित की गई। गांव पायगा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र स्व. बलवंत सिंह ने अपने पिता की पहली पुन्यतिथि पर अपने परिवार के साथ सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई।

### हकेंवि में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा मंगलवार को सक्षम भारती फाउंडेशन के सहयोग से रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विवि कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने किया। प्रो. सुनील कुमार ने कहा इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में समाज के प्रति उनके उत्तरदायित्व का बोध कराती हैं।

---

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाः गरीबों की छत पर लगेंगे दो किलो वाट तक के सोलर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से गरीब लोगों का आर्थिक उत्थान होगा। यह सरकार की फ्लैगशिप योजना है। ऐसे में अधिकारी अधिक से अधिक नागरिकों को इस योजना में आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने मंगलवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में दिए। एडीसी ने कहा कि इस योजना से गरीबों को न केवल बिजली के बिल में राहत मिलेगी, बल्कि अगर वे बिजली का कम इस्तेमाल करेंगे तो उनकी कमाई भी होगी। एडीसी ने बताया कि हरियाणा एवं केंद्र सरकार की ओर से संयुक्त रूप से चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना निःशुल्क सौर ऊर्जा का एक बेहतरीन अवसर है। इस योजना से न केवल बिजली की बचत होगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा तथा पर्यावरण का संरक्षण होगा। एडीसी ने बताया कि इस योजना से हर महीने सौर ऊर्जा से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। इस योजना में गरीब परिवारों के लिए लगभग 100 फीसदी सब्सिडी के साथ सौर पैनल पूरी तरह से मुफ्त में स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि दो किलो वाट का सोलर सिस्टम लगवाने पर लगभग 1.20 लाख से लेकर 1.30 लाख रुपये तक का खर्च आएगा। यह राशि पहले जमा करवानी होगी। सोलर सिस्टम लगने के बाद सरकार की ओर से उसी खाते में सब्सिडी डाल दी जाएगी। इस योजना के लिए बैंक लोन भी उपलब्ध है। इस मौके पर मौजूद वेंडर्स से भी उन्होंने सुझाव मांगे। इस बैठक में बिजली निगम के एसई जोगिंद्र हुड्डा, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल आदि मौजूद थे।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी डा. आनंद कुमार शर्मा। फोटो :हरिभूमि

#### टोल फ्री नंबर 155555 पर करें संपर्क

एडीसी ने बताया कि योजना के तहत पंजीकरण करवाने के लिए ऑफिसियल वेबसाइट **registration.pmsuryaghar.gov.in** पर विजिट कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155555 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए लाभार्थी के पास कानूनी रूप से अपना मकान व उपयुक्त छत होनी चाहिए। साथ ही बिजली का वैध कनेक्शन होना चाहिए। इसके अलावा लाभार्थी को इससे पहले किसी सरकारी सौर सब्सिडी का लाभ नहीं लिया हुआ होना चाहिए।

#### सरकार की ओर से दी जाएगी सब्सिड

एडीसी ने बताया कि 1.80 लाख रुपये से नीचे की वार्षिक आय के लाभार्थियों को दो किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर 60 हजार रुपये तक की सब्सिडी केंद्र सरकार की ओर से तथा 50 हजार की अतिरिक्त सब्सिडी हरियाणा सरकार की ओर से दी जाएगी। इसके अलावा एडीसी ने बताया कि 1.80 लाख से तीन लाख तक की वार्षिक आय के लाभार्थियों को दो किलो वाट तक के सोलर सिस्टम पर 60 हजार की सब्सिडी केंद्र सरकार की ओर से दी जाएगी, जबकि 20 हजार रुपये की सब्सिडी हरियाणा सरकार की ओर से दी जाएगी।

### विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम के लिए 9 तक कर सकते हैं आवदेन

**नारनौल।** मेरा युवा भारत की ओर से नेहरू युवा केंद्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 10 से 17 मार्च तक विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिले के युवा नौ मार्च तक माई भारत पोर्टल के माध्यम से आवदेन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा आधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि भारत युवा संसद कार्यक्रम में 18 से 25 आयु वर्ग के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों व अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के युवा एवं गैर छात्र छात्राएं नौ मार्च तक मेरा युवा भारत पोर्टल **www.mybharat.gov.in** पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सर्वप्रथम इच्छुक युवा व युवती को विकसित भारत विषय पर युवा स्वयं के वक्तव्य की एक मिनट की रिकॉर्ड वीडियो को मेरा युवा भारत पोर्टल पर अपलोड करना होगा। जिसे स्क्रीनिंग कमेटी की ओर से जांच के बाद प्रतिभागी को नोडल जिले द्वारा आयोजित प्रतियोगता में प्रतिभागिता करने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें भिवानी को नोडल जिला बनाया गया है। इसमें भिवानी, दादरी व महेंद्रगढ़ जिले के प्रतिभागी शामिल होंगे।



कनीना। स्ट्रॉन्ग रूम में रखी ईवीएम का निरीक्षण करने आई एसपी। फोटो : हरिभूमि

### एसपी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

**कनीना।** नपा चुनाव के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कंट्रोल व स्ट्रॉन्ग रूम स्थापित किया गया है। जहां ईवीएम को रखा गया। जिसकी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मचारी तैनात किए गए हैं। वहीं 12 मार्च को ईवीएम खुलने पर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मंगलवार को कनीना में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। स्ट्रॉन्ग रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना होने तक स्ट्रॉन्ग रूम की कड़ी सुरक्षा रहेगी। इस मौके पर डीएसपी दिनेश कुमार, सिटी थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार सहित पुलिस कर्मचारी उपस्थित थे।

## संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन केंद्र में पौधरोपण आयोजित

- बच्चों और विशेष शिक्षकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हुड्डा सेक्टर एक स्थित संतोष मेमोरियल दिव्यांगजन एवं पुनर्वास केंद्र में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला संघ चालक कप्तान हंसराम, रमेश कुमार एवं पर्यावरणविद् प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने कार्यक्रम में विशेष सहभागिता की।

संस्था के दिव्यांग बच्चों और विशेष शिक्षकों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने अपने जन्मदिन पर वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि कप्तान हंसराम ने पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य डॉ. आरएन यादव ने इसे स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक बताया। संस्था के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने भी अधिक से अधिक वृक्षारोपण की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्या पर भी चर्चा हुई। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले 145 शहरों में से 125 भारत में है। यह आंकड़े प्रदूषण संकट की गहराई को दर्शाते हैं, जो लगातार बढ़ रहा है और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। ऐसे में पौधारोपण जैसी पहलें पर्यावरण सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। कार्यक्रम का समापन सुश्री श्वेता द्वारा धन्यवाद जताने के साथ हुआ।



नारनौल। संतोष मेमोरियल में पौधारोपण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## प्राइवेट प्ले स्कूल के लिए पंजीकरण आज से

- 4 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन, पंजीकरण के लिए 01282-252331 पर फोन कर ले सकते हैं जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला में प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए पांच मार्च से चार अप्रैल तक महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि प्राइवेट प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए इच्छुक व्यक्ति चार अप्रैल तक किसी भी कार्य दिवस को सुबह नौ से सायं पांच बजे तक पुराने लघु सचिवालय में प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि हर साल प्ले स्कूल के लिए मान्यता लेनी होती है। प्ले स्कूल के लिए आवेदन पत्र, नियम व शर्तें एनसीपीसीआर डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर व कार्यालय के दूरभाष नंबर 01282-252331 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं। सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों के संचालक स्कूलों में बच्चों को लाने के लिए जो वाहन लगाए गए हैं।

## आपसी तालमेल से कार्य करें सभी विभागों के अधिकारीः डीसी

### लंबित शिकायतों का संबंधित विभाग द्वारा तुरंत करवाया जाए निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की 45 शिकायतों की सुनवाई करते हुए मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इन शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एक-दूसरे की शिकायतें करने की बजाय आपसी तालमेल व सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें तथा इसकी रिपोर्ट भी जिला प्रशासन को भिजवाएं। उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें तथा सीवर की भी नियमित अंतराल पर सफाई करवाए।

समाधान शिविर में पेंशन, जन्म तिथि ठीक करवाने, भूमि रिकॉर्ड में शुद्धिकरण, परिवार पहचान पत्र में दर्ज वार्षिक आय को कम करवाने, आधार कार्ड में दर्ज नाम को सही करवाने, अवैध कब्जे हटवाने, बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों के अलावा नगर पालिका, विकास एवं पंचायत आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। समाधान शिविर में एसडीएम अनिल कुमार यादव, नायब तहसीलदार निशा तंवर, नगर पालिका सचिव प्रशांत पराशर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की शिकायत सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

## बाजरा चोरी का आरोपित काबू

- आरोपित के पास से 68 हजार रुपये व ट्रक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बाजरे के 100 कट्टे चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए सिटी पुलिस ने मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान सतवीर वासी खासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से 68 हजार रुपये व ट्रक बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित प्रकाश चंद वासी चुड़ला सीकर को पहले गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित चोरी के कट्टे पिकअप में लोड करके ले गया था। मामले में पुलिस ने पिकअप गाड़ी भी बरामद की थी। शिकायतकर्ता शक्ति सिंह वासी सिहमा ने सिटी थाना में बाजरा के बैग चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि अनाज मण्डी महेन्द्रगढ मे सरकारी बाजरे की खरीद का कार्य चल रहा है।

## श्याम पदयात्रियों के लिए राधा कृष्ण मंदिर में चल रहा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

श्याम सेवा मंडल की ओर से फाल्गुन माह की एकदशी को खाटू में लगने वाले 10 मार्च को श्याम बाबा के मेले में जाने वाले पदयात्रियों के लिए विभिन्न स्थानों पर श्याम शिविर लगाए हुए है।

खाटू बाबा की जय हो, जैसे उद्घोषों के बीच पदयात्रियों से क्षेत्र श्याम मय बना हुआ है। नारनौल-फुलेरा रेलमार्ग के साथ विभिन्न सड़क मार्गों से श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय के उद्घोष के बीच ध्वजा के साथ श्याम भक्तों की कतारे लगी हुई है।

श्याम सेवा मंडल की ओर से कस्बे के राधाकृष्ण मंदिर में शिविर चल रहा है। मंडल के प्रधान नगरपालिका के चेयरमैन कमलेश सैनी ने बताया कि मंडल के सदस्यों के अलावा कस्बे के लोगों के सहयोग से यह शिविर चल रहा है।



मंडी अटेली। श्याम शिविर में भाग लेते पदयात्री। फोटो : हरिभूमि

## स्वयंसेवकों को थाना प्रभारी ने दी ट्रैफिक नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

सतनाली मंडी। आदर्श गोशाला इलाका सतनाली में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट एक व यूनिट दो की ओर सये आयोजित एनएसएस शिविर के चाथे दिन मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जगदीशचंद्र ने यातायात नियमों की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सीट बैल्ट तथा दुपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का प्रयोग करना चाहिए और गति से वाहन नहीं चलाना चाहिए। प्राचार्य डा. सुधीर लांबा ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संदेश दिया।

एनएसएस अधिकारी डा. कमला यादव व डा. हरिओम ने बताया कि इस अवसर पर स्वयसंवकों ने ट्रैफिक नियमों पर पोस्टर भी बनाए। उन्होंने बताया कि शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने परशुराम पार्क में सफाई अभियान चलाया। डा. रितु व अमित मलिक ने स्वयंसेवकों का सहयोग किया।



सतनाली मंडी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के साथ सोसायटी प्रधान व अन्य।

**कार्रवाई** संयुक्त टीम ने एक ट्रॉली व 2 डंपर पकड़े

## जिला प्रशासन की संयुक्त टीम लगातार कर रही प्रभावी कार्रवाई

10.5 लाख रुपये जुर्माना वसूली की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अवैध खनन व खनिज परिवहन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन की ओर से गठित संयुक्त टीम ने रविवार व सोमवार की रात को दो डंपर तथा एक ट्रॉली पकड़कर अपने कब्जे में ली। इन पर नियम अनुसार 10.5 लाख रुपये जुर्माना वसूली की जाएगी। जिला खनन इंजीनियर डा. राजेश कुमार ने बताया कि खनन विभाग, पुलिस विभाग, फॉरेस्ट विभाग तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड संयुक्त टीम रविवार व सोमवार की रात को गस्त पर थी। इस दौरान राजस्थान बॉर्डर पर गांव ढाणी जाजमा के नजदीक एक ट्रैक्टर ट्रॉली राजस्थान की तरफ से बजरी भरकर ला रहा था। उन्होंने बताया कि टीम ने जब उसका पीछा किया तो वह ट्रॉली को छोड़कर ट्रैक्टर को लेकर भाग गया। टीम ने उसे पकड़ने की काफी कोशिश की, लेकिन वह ट्रैक्टर को खेतों की तरफ भगा ले गया। इसके बाद टीम ने एक अन्य ट्रैक्टर मंगवाकर ट्रॉली को बाड़े में खड़ा कर दिया। अगर इसका मालिक पकड़ा जाता है तो इससे 2.15 लाख का जुर्माना वसूला जाएगा। इसी प्रकार नांगल चौधरी के पास बिना ई रवाना के रोड़ी भरकर ले जा रहे दो डंपर पकड़े।



नारनौल। खनिज का अवैध परिवहन करते पकड़ी गई ट्रॉली। फोटो : हरिभूमि

*इन दोनों पर 8.30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना वसूली की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि खनन विभाग के महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के दिशानिर्देशन में अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशों अनुसार 24 घंटे इन मामलों पर कड़ी निगरानी की जा रही है।*

# ढाणी बानिया के युवक ने फाइनेंसर के दबाव में जहर खाकर जान दी


## सुसाइड नोट में आरोप...10 रुपये सैकड़ा का ब्याज वसूलकर 4 कनाल जमीन ली

नांगल चौधरी में ढाणी बानिया का रहने वाला है मृतक, सुसाइड नोट में नसीबपुर हाउसिंग बोर्ड के दो फाइनेंसर पर लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। घटना स्थल पर शव का निरीक्षण करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि



नांगल चौधरी। मृतक द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट।

ढाणी बानिया निवासी एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की तलाशी के दौरान पुलिस को एक सुसाइड नेट बरामद हुआ है। जिसमें नसीबपुर के हाउसिंग वोर्ड निवासी दो लोगों को जिम्मेवार ठहराया गया है। आरोप लगाया कि उन्होंने 10 रुपये सैकड़ा का ब्याज लगाकर चार कनाल जमीन ले ली, इसके बावजूद भी जानलेवा धमकी दे रहे हैं। जिससे भयभीत होकर आत्महत्या करने को मजबूर हुआ हूं।

जानकारी के अनुसार मृतक बिरेंद्र सिंह पुत्र काशीराम ने नसीबपुर के उमेद सिंह व सुनील कुमार से पैसे लिए थे। उन्होंने आड़ रहन में मृतक की जमीन लिखी थी। इस एग्रीमेंट में पैसे नहीं चुकाने की स्थिति में जमीन की रजिस्ट्री कराने पर सहमति बनी थी, लेकिन बिरेंद्र ने निर्धारित समय पर रुपये नहीं लौटाए। इसके बाद फाइनेंसरों ने कोर्ट में केस करके पंजीकृत जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन की रजिस्ट्री कुछ महीने पहले ही कोर्ट की मार्फत हुई है। इसके बाद से ही बिरेंद्र सिंह तनाव में रहने लग गया। बीती रात देवनारायण चौक के पास सड़क किनारे जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। सुबह मार्निंग वॉक करने आए लोगों ने सड़क के किनारे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थाना इंचार्ज ने शव का निरीक्षण किया।

इस दौरान मृतक की पॉकेट से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। एक पेज के इस नोट में मृतक ने जमीनी व पैसों के लेनदेन में नसीबपुर के दो फाइनेंसरों को जिम्मेवार ठहराया है। पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी।

इसके बाद मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाई गई। जिन्होंने घटना स्थल से विभिन्न सबूत व वारदात को सूचीबद्ध किया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज करके छानबीन करने कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### सुसाइड नोट में दो आरोपित

पुलिस को बरामद सुसाइड नोट में लिखा गया है कि मैं बिरेंद्र सिंह पुत्र काशीराम ढाणी बानिया तन नांगल कालिया का स्थाई निवासी हूं। होश हवास से बयान लिख रहा हूं कि उमेद सिंह मास्टर गांव नसीबपुर व सुनील कुमार पुत्र काशीराम हाउसिंह बोर्ड नसीबपुर। मैं इन लोगों से परेशान हूं, मेरे पास 10 रुपये सैकड़ा से एक लाख रुपये के बदले चार कनाल जमीन ले ली। फिर भी उसको मारने की धमकी दे रहे हैं, मेरा बच्चा नबालिग है। मैं इन लोगों से परेशान होकर सुसाइड कर रहा हूं।

### केस दर्ज , छानबीन शुरू

पुलिस के जांच अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट के अनुसार दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की छानबीन आरंभ कर दी, जल्द ही आगामी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## खबर संक्षेप

### सिहोर में बाबा ब्रह्मचारी का मेला 13 को

**कनीना।** गांव सिहोर में 13 मार्च को होली पर्व पर आयोजित होने वाले बाबा ब्रह्मचारी मेला व खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूर्व सरपंच कुलदीप सिंह ने बताया कि 13 मार्च को सुबह नौ बजे आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में 21 हजार रुपये ईनाम तक की कुश्ती लड़के व लड़कियों की दौड़, बुजुर्गों की दौड़, कबड्डी हरियाणा स्टाइल व नेशनल कबड्डी होगी। मुख्यातिथि महेंद्रगढ़ भिवानी लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह होंगे व अध्यक्षता पंचायत समिति चेयरमैन जेयप्रकाश यादव करेंगे।

### हकेंवि में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा मंगलवार को सक्षम भारती फाउंडेशन के सहयोग से रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने किया। प्रो. सुनील कुमार ने रक्त दान शिविर की सराहना करते हुए कहा इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में समाज के प्रति उनके उत्तरदायित्व का बोध कराती हैं। विश्वविद्यालय में ट्रेंनिंग प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक एवं शिविर के समन्वयक डॉ. सूरज आर्य ने बताया कि यह शिविर एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान शरीर को स्वस्थ रखने में मददगार है।

# सिंघानिया विवि अध्यक्ष ने सम्मेलन में हिस्सा लिया



नारनौल। सम्मेलन में हिस्सा लेते अध्यक्ष मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

- इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति में तेजी लाने पर था सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

नई दिल्ली के पीएचडी हाउस में भारत इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) रैली 2025 और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्रांति में तेजी लाने पर एक महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह प्रतिष्ठित आयोजन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, बिजली मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय और इन्वेस्ट इंडिया के सहयोग से संपन्न हुआ। इस दौरान सिंघानिया विश्वविद्यालय अध्यक्ष व रिटायर्ड आईएएस डॉ. मनोज कुमार को एक प्रतिष्ठित वक्ता और पैनलिस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास, टिकाऊ, परिवहन प्रणाली और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

उन्होंने कहा कि भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है। हमें नवाचार और स्वदेशी तकनीक के बल पर ऐसा ईकोसिस्टम तैयार करना होगा, जहां इलेक्ट्रिक वाहन आम जनता के लिए शुलभ, किफायती और पर्यावरण हितैषी बनें। शिक्षा और उद्योग के सामंजस्य से ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का नेतृत्व पीएचडी चैंबर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सीईओ एवं महासचिव डॉ. रणजीत मेहता और उपमहासचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ने किया।

उन्होंने भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेक्टर के उज्वल भविष्य और नीति निर्माण में उद्योग जगत की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपनी अंतर्दृष्टि सांझा की। शिखर सम्मेलन में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के विस्तार, सरकारी नीतियों, हरित ऊर्जा समाधानों और ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने नवाचार को आगे बढ़ाना, भविष्य को सशक्त बनाना की प्रतिबद्धता के साथ भारत को वैश्विक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी हब बनाने के लक्ष्य पर जोर दिया। इस आयोजन ने सरकार, उद्योग जगत और विशेषज्ञों के बीच सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

# नारनौल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत आठ को

- बीडीपीओ कार्यालय में कानूनी साक्षरता शिविर लगाया, वरिष्ठ नागरिकों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। कानून साक्षरता शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी जानकारी देते एडवोकेट धर्मेश जोशी। फोटो : हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं सचिव नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार बीडीपीओ कार्यालय में कानूनी साक्षरता शिविर लगाया गया। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने वरिष्ठ नागरिकों को सरकार की ओर से क्रियाविंत योजनाओं से अवगत कराया। उन्हें आठ मार्च को नारनौल कोर्ट में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने केसों का निपटारा कराने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर होते हैं। उनके अनुभव से युवाओं को एकता और परोपकार की प्रेरणा मिलती है। इसलिए सरकार ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष अधिकार व सुविधाएं निर्धारित की हैं। उपमंडल स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में ट्रब्यूनल स्थापित किया गया है। जिसमें दो मनोनीत सदस्य शामिल रहेंगे। इस कमेटी के समक्ष पारिपारिक समस्याएं या प्रशासनिक अनदेखी की शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने जमीन रिलीज डीड में अपने बुढ़ापे की सेवाभाव का उल्लेख करने का सुझाव दिया, ताकि बच्चों की अनदेखी पर जमीन वापस मिल सके।

इसके बाद उन्होंने नारनौल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादों का निटाने का संदेश दिया। कहा कि कोर्ट में कई सालों तक केस चलते हैं। जिससे समय और पैसों का नुकसान होता है। लोक अदालतों के फैसलों में किसी भी पक्ष की हार या जीत नहीं होती। दोनों पक्षों में भाईचारा कायम किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों में सुलझाए गए केसों की अपील संभव नहीं होती। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के सुनील गुप्ता ने बुजुर्गों को पेंशन संबंधी जानकारी दी है।

# एनएसएस शिविर में छात्रों को स्वच्छता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मंडी अटेली




मंडी अटेली। शिविर के पांचवें दिन बाहर से आए हुए अधिकारियों को सम्मानित करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय अटेली में चल रहे सात दिवसीय एनएनएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवकों ने गांव उनिंदा के शहीद स्मारक, बस स्टैंड और राजकीय पाठशाला के पास कॉरिडोर में श्रमदान कर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों के मध्य जलवायु परिवर्तन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बोलने की आजादी आदि विषयों पर भाषण प्रतियोगिता हुई। एनएसएस महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता छाबड़ा ने स्वयंसेवकों को मोबाइल के एडिक्शन व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय में विस्तार से समझाया। शाम के बौद्धिक सत्र में खंड कृषि अधिकारी डॉ. रजनीश कुमार ने स्वयंसेवकों को केमिकल खेती, जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती में अंतर को समझाया। उन्होंने बायोगैस प्लांट के विषय में बताया कि इससे सस्ती व स्वच्छ ऊर्जा एवं उत्तम जैविक खाद प्राप्त होती है। स्वयंसेवकों को जल के विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ दिलाई। खंड कृषि कार्यालय से आए तकनीकी प्रबंधक देवेंद्र कुमार ने पीएम किसान योजना के बारे में बताया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अक्षत कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. श्रवण कुमार व बजरंग कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सीएल स्कूल में विद्यार्थियों ने पास की सीए फाउंडेशन परीक्षा



छात्र तुषार



छात्रा मानसी

**नारनौल।** सीएल पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र तुषार पुत्र जितेन्द्र कुमार व मानसी पुत्री प्रदीप कुमार ने आईसीएआई की ओर से आयोजित सीए फाउंडेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, अभिभावक व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित गुप्ता ने वाणिज्य विभाग व सफल विद्यार्थियों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्राचार्य रवीन्द्र सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### मूर्ति अनावरण समारोह आठ को

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव धनुंदा में शिव मूर्ति एवं नेशनल हाईवे पर प्रवेश द्वार अनावरण समारोह आठ मार्च को किया जाएगा। जानकारी देते हुए समाजसेवी तेजप्रकाश ने बताया कि आठ मार्च शनिवार स्वर्गीय ताराचंद की याद में सुबह 11 बजे शिव मूर्ति स्थापना एवं प्रवेश द्वार का अनावरण सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह करेंगे।

# यदुवंशी स्कूल में विद्यार्थियों ने योग करना सीखा

- योग प्रशिक्षक रविंद्र ने बच्चों को दिया प्रशिक्षण, योग के फायदे बताए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। योग की क्रिया करते विद्यार्थी।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में विद्यार्थियों के लिए उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए योग सत्र का आयोजन किया गया। यह योग सत्र कुशल योग प्रशिक्षक रविंद्र के द्वारा लिया गया। इस सत्र में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों का मानसिक अवसाद से मुक्ति दिलाना एवं पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाना था। परीक्षा का समय चल रहा है, छात्रों को अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है, इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में योग का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन किए एवं उनसे होने वाले फायदों के विषय में भी जाना। प्रशिक्षक ने बताया कि नियमित रूप से योग और ध्यान करना प्रत्येक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन में योग का विशेष महत्व है। अतः हमें एकाग्रता को बढ़ाने वाले आसन प्रतिदिन समय निकालकर अवश्य करने चाहिए। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि सभी योग का अभ्यास करें।

# श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में टीचर्स प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल




नारनौल। कार्यशाला में भाग लेने वाले अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पंचकूला के तत्वावधान में श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका के कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के अनेक स्कूलों के 60 अध्यापकों व प्राचार्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में दिनेश कुमार प्राचार्य राजवंशी स्कूल दौचाना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव व चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राईमरी हैड उमा यादव ने की। कार्यशाला का संचालन सीबीएसई के ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर व रिसोर्सपर्सन डा. धीरेन्द्र सिंह प्राचार्य बिट्स स्कूल पिलानी व डा. रेखा यादव प्राचार्य कैनाल वैली स्कूल बेरली खुर्द रेवाड़ी ने किया। उन्होंने कार्यशाला के दौरान अध्यापकों को विभिन्न वर्गों में बांटकर रोचक गतिविधियों व जीवंत उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को अधिगम प्रतिफल का महत्व, नवीन शिक्षण विधियों, शिक्षण में नवाचार व मूल्यांकन की विधियों से अवगत कराया।

# सीए की परीक्षा परिणाम में छाए हैप्पी स्कूल के तीन विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



ऋषिका गुप्ता



चिराग



युद्धवीर

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के तीन छात्रों ने सीए परीक्षा-2025 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के अध्यापक पवन कुमार और संतोष यादव ने बताया कि युद्धवीर सैनी पुत्र वेदप्रकाश सैनी ने सीए फाउंडेशन की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। वहीं सीए आईपीसीसी एक ग्रुप में चिराग अग्रवाल पुत्र राजेश अग्रवाल ने सफलता अर्जित की। ऋषिका गुप्ता पुत्री गोविंद गुप्ता ने सीए आईपीसीसी के दोनों ग्रुप पार करते हुए सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावक का नाम रोशन किया है। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि यह चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) डिग्री का फाउंडेशन, पहला और दूसरा स्तर का कोर्स है। इसका पाठ्यक्रम भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान (आईसीएआई) संचालित करता है। आईपीसीसी कोर्स पूरा करने के बाद, उम्मीदवार चार्टर्ड अकाउंटेंट में अंतिम स्तर के लिए योग्य हो जाता है। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंध निदेशक

## राजकीय महाविद्यालय में बायोटेक्नोलॉजी पर कार्यशाला हुई

# पौधों व जीव-जंतुओं की कोशिकाओं से डीएनए का निष्कर्षण सिखाया

- विशेषज्ञ बोले, नैनो टेक्नोलॉजी और जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसे विषयों का महत्व बढ़ता जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। कार्यशाला में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान विभाग द्वारा बायोटेक्नोलॉजी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं डीन विज्ञान प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने किया। इस कार्यशाला में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय पाली के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. नितेश एवं प्रोफेसर डॉ. हुमा ने बतौर विशेषज्ञ भाग लिया। उनके साथ दो शोधार्थी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक अनुभव प्रदान किया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को यह सिखाया गया कि किस प्रकार विभिन्न पौधों एवं जीव-जंतुओं की कोशिकाओं से डीएनए का निष्कर्षण किया जा सकता है। आधुनिक विज्ञान के युग में नैनो टेक्नोलॉजी और जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसे विषयों का महत्व बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों ने बताया कि जीवों के डीएनए से ही उनके आकार, प्रकार और गुणों का निर्धारण होता है। बढ़ती जनसंख्या के दौर में खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिए ट्रांसजेनिक पौधों एवं जानवरों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गया।

प्रो. डॉ. नितेश ने बताया कि कैसे नैनो टेक्नोलॉजी की सहायता से पौधों के डीएनए में बदलाव कर पैदावार बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने छात्रों को विभिन्न आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे कृषि उत्पादन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यशाला संयोजक प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने कहा कि यह विज्ञान न केवल कृषि बल्कि चिकित्सा और पर्यावरण के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रुचि लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. हीरा सिंह, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. अशोक कुमार, प्रद्युमन, दीपक कुमार, विजय पाल, गजानंद, रमेश कुमार, धर्मेंद्र, दुलीचंद सहित कई अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



नारनौल। कार्यक्रम के दौरान डॉक्यूमेंट्री देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### पीजी कॉलेज में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण का स्थापना दिवस मनाया

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय के भू-विज्ञान विभाग में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण का 175वां स्थापना दिवस प्राचार्या डा. पूर्ण प्रभा के नेतृत्व में मनाया गया। प्रेस प्रवक्ता प्रो. डा. चन्द्र मोहन ने बताया कि इस अवसर पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया, साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की एक्टिविटीज को दर्शाती एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। कार्यक्रम के शुभारंभ पर उपप्राचार्य डा. जगजीत सिंह मोर ने भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण की टीम का स्वागत किया और कहा कि हमें गर्व है कि हमारे भू-विज्ञान विभाग के पूर्व छात्र भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं में अपनी सेवाएं देते रहे हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सुमेर सिंह पुत्र बिहारीलाल वासी ग्राम अकबरपुर सिरोही तहसी नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी लडकी संध्या देवी मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करती है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सरपंच ग्राम पंचायत पाली जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.)**

**आवश्यकता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पाली में 01 सफाई कर्मी का पद रिक्त है। जिसको भरने के लिए खण्ड कार्यालय महेन्द्रगढ़ में इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदनर दिनांक 05.03.2025 से 19.03.2025 तक सम्बन्धित दस्तावेजों सहित जमा करवायें।

हस्ता/- देशराज सिंह, सरपंच
ग्राम पंचायत पाली (महेन्द्रगढ़)
फोन : 9991373072

## खबर संक्षेप

### आज सुनी जाएंगी बिजली बिलों की शिकायतें

**महेंद्रगढ़।** कार्यकारी अभियंता कार्यालय दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा पांच मार्च को की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर यह अपील कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक कल

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ की जिला स्तरीय बैठक छह मार्च को सुबह 10 बजे यादव धर्मशाला में होगी। जिकसी अध्यक्षता जिला प्रधान घनश्याम शर्मा करेंगे। बैठक में राज्य कार्यकारिणी की ओर से लिए गए आगामी निर्णयों बारे विस्तार से बताया जाएगा तथा ब्लॉक व जिला स्तरीय आगामी कार्यक्रमों बारे विचार विमर्श किया जाएगा।

### 30 वर्षीय विवाहिता घर से लापता

**महेंद्रगढ़।** सतनाली क्षेत्र से एक 30 वर्षीय विवाहिता घर से लापता होने का मामला प्रकाश में आया हैं। विवाहिता के पति ने सतनाली पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की है। विवाहिता के पति ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह दिल्ली में नौकरी करता हैं। बीती तीन-चार मार्च की रात्रि से उसकी पत्नी घर से लापता है। कल उसने रात्रि 12.40 पर पत्नी से बातचीत की थी, जिसके बाद वह सो गया। उसके बाद सुबह जब बच्चे रोने लगे, तब उसकी पत्नी की छोटी बहन ने जब देखा तो पत्नी घर में नहीं थी। उनका मोबाईल, कपड़े, रुपये सब घर पर ज्यों के त्यो है, कुछी भी गायब नहीं है। उन्होंने उसे सब जगह तलाश कर लिया है, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला है।

### छात्र घर से अचानक हुआ लापता

**महेंद्रगढ़।** क्षेत्र की एक निजी कॉलोनी से 18 वर्षीय छात्र घर से अचानक लापता हो गया हैं। छात्र की माता ने पुलिस थाने में शिकायत दी हैं। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्र की माता पुष्पा ने पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके 18 वर्षीय बेटे का नाम पीयूष है। पीयूष सीकर में नीट की पढ़ाई करता है। पीयूष 21 फरवरी से घर पर आया हुआ था। दो मार्च की रात्रि 12 बजे वह घर से बिन बताए कहीं निकल गया। वह अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है। पीयूष के हाथ में कागज की फाईल है।

### नशे में हुड़दंगबाजी करने वाले 2 लोगों पर केस

**मंडी अटेली।** अटेली पुलिस ने दो लोगों को बीच बाजार शराब के नशे हुड़दंगबाजी करने के आरोप में गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दो व्यक्ति शराब के नशे में हुड़दंगबाजी करके आम नागरिकों को परेशान कर रहे हैं। अटेली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर उनको काबू करके नामपता पूछा तो एक ने अपना नाम रामलखन व दूसरे ने जितेन्द्र उर्फ सचिन गांव ताजपुर निवासी बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी।

पार्षदों का कहना कि बैठक की 48 घंटे पहले देनी थी सूचना, नपा ने ड्यूटी के बाद जारी की बैठक की सूचना

# पार्षदों के विरोध के बीच बजट बैठक हुई संपन्न

# 364280000 होगा आगामी वर्ष का बजट

- बैठक से पहले पार्षदों को नहीं दी बजट की प्रति, मंगलवार को आयोजित बैठक की सूचना भी पार्षदों को मिली थी वाट्सअप के माध्यम से
- वर्ष 2024-25 में नगर पालिका ने 89094739 रुपये की राशि खर्च होने का लगाया था अनुमान, लेकिन नपा खर्च कर पाई केवल 304516000 रुपये
- वर्ष 2024-25 के दौरान 159169651 रुपये की हुई आय, नपा ने गत वर्ष 309654000 रुपये की आमदनी का लगाया था अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

नगर पालिका में बुधवार को आयोजित बजट बैठक पार्षदों के विरोध के बीच संपन्न हुई। विरोध कर रहे पार्षदों का कहना है कि नपा के अधिकारियों और पार्षदों ने नियमों को ताक में रखकर बजट बैठक आयोजित की है। वहीं बैठक के दौरान नपा ने 364280000 रुपये की राशि शहर में विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च करने का अनुमान लगाया है। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ने की।

बैठक में बीते वर्ष की नगर पालिका की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। वहीं आगामी वर्ष में होने वाले नगर पालिका के खर्च का आमदनी की अनुमानित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा पार्षदों ने नगरपालिका की आय-व्यय को लेकर उनके विचार लिए गए। पार्षदों व चेयरमैन ने नगर पालिका सचिव प्रंशात कुमार से बैठक का कोरम पूरा होने की जानकारी लेकर बैठक शुरू की। अकाउंटेंट ने सभी पार्षदों के समक्ष सबसे पहले नगर पालिका की ओर से बीते वर्ष किए गए खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शहरी सरकार खर्च कम करने के लिए सुझाव मांगे। इसके बाद नगरपालिका की आय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में पार्षद अशोक सैनी, सरिता राठी, निखिल चनेजा, विष्णु वाल्मीकि, शारदा खन्ना व सुरेंद्र फौजी ने भाग लिया। वहीं उप प्रधान मंजू कौशिक, रजनेश यादव, ममता सोनी, सोनू सैनी व सीमा सैनी अनुपस्थित रही।

### चार पार्षदों ने किया बैठक का विरोध

राजेश सैनी, भतेरी देवी, सुखबीर व सुनील तायल ने बजट बैठक का बहिष्कार किया। विरोध कर रहे पार्षदों का कहना है कि बजट में नियमों की अवहेलना कर आयोजित की गई है। बैठक से 48 घंटे पहले पार्षदों को सूचना देनी होती है। मंगलवार को भी पार्षदों को वाट्सअप के माध्यम से सूचना दी गई थी तथा बुधवार को आयोजित हुई बैठक की सूचना को आफिस के समय के बाद सूचना जारी की गई है। इसके अलावा बैठक से पहले किसी भी पार्षदों को बजट की कॉपी भी नहीं दी गई। ऐसे में पार्षद बजट को लेकर की राय कैसे रख पाएंगे। पार्षदों का कहना है कि उन्होंने की इसकी लिखित शिकायत डीएमसी को दी है, लेकिन डीएमसी व्यवहार सहीं नहीं था। जल्द सभी पार्षद मिलकर उच्च अधिकारियों को इसकी शिकायत देंगे।





महेंद्रगढ़। बैठक में भाग लेते पार्षद एंव अधिकारी व बैठक का बहिष्कार कर बाहर खड़े पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### विकास कार्य नहीं होने के कारण खर्च हुए आधे

बीते शहर में नगर पालिका में स्थाई अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण शहर में कोई विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया। जिसका असर नगर पालिका के खर्च पर भी पड़ा। नगर पालिका की ओर से वर्ष 2022-23 में 188718506 रुपये खर्च किए थे। पिछली बजट बैठक में नगर पालिका ने वर्ष 2023-24 में 213285000 रुपये का अनुमान लगाया था, लेकिन 85294739 रुपये ही खर्च हो पाएं। वर्ष 2024-25 के लिए नगर पालिका की ओर से 305981000 रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया हैं। वहीं एक वर्ष में नगर पालिका की आय में करीब 2 करोड़ 80 लाख रुपये का इजाफा हुआ है। नगर पालिका की वर्ष 2022-23 में 88070390 रुपये की आय हुई थी। पहली बजट बैठक में नगर पालिका की ओर से वर्ष 2023-24 में 220069000 रुपये की आय होने का अनुमान लगाया था, लेकिन 116994537 रुपये की ही आय हो पाई। वर्ष 2024-25 में नगर पालिका ने 116994537 रुपये का बजट बनाया था, लेकिन नपा ने विभिन्न विकास कार्यों पर 304516000 रुपये की राशि ही खर्च कर पाए। वहीं बीते वर्ष नपा की आय 220069000 रुपये थी। वहीं इस वर्ष ने नपा की आमदनी बढ़कर 159169651 रुपये हो गई है।

### वर्ष 2023-24 में हुए खर्च का ब्योरा

| क्रम | शाखा | अनुमानित खर्च | वास्तविक खर्च |
|---|---|---|---|
| 1 | स्टॉफ का वेतन | 55 लाख | 44418022 |
| 2 | सरकारी और सदस्यों आदि के प्रशिक्षण के लिए 2.5 प्रतिशत | | |
| 3 | आकस्मिकता खर्च | दस लाख | 384009 |
| 4 | आडिट फीस | दस लाख | 00 |
| 5 | सेवानिवृत्त कर्मचारियों का लाभ | 3500000 | 305525 |
| 6 | टीए बिल | 10 लाख | 384009 |
| 7 | एडवोकेट फीस | 5 लाख | 112325 |
| 8 | डीयूएलबी के लिए कुल आय | 2800000 | 00 |
| 9 | पुस्तकालय | 10 हजार | 00 |
| 10 | स्ट्रीट लाइट का रखरखाव | 1600000 | 3337474 |
| 11 | स्वच्छता का अनुबंध | 3000000 | 1204700 |
| 12 | सिक्योरिटी रिफंड | 400000 | 37179 |
| 13 | ईएमडी रिफंड | 4526000 | 00 |
| 14 | गाड़ियों का डीजल | 1500000 | 511865 |
| 15 | ऋण अदायगी | 3000000 | 1435000 |
| 16 | मनोरंजन व्यय | 36000 | 24000 |
| 17 | टेलीफोन बिल | 35000 | 35357 |
| 18 | बिजली बिल | 2000000 | 00 |
| 19 | कंप्यूटर सिस्टम खर्च | 6000000 | 00 |
| 20 | कर्मचारियों का पेंशन शेयर | 1500000 | 1500000 |
| 21 | एमसी फंड से विकास कार्य | 1500000 | 208985 |
| 22 | चुनाव, विज्ञापन व समाचार पत्र खर्च | 1500000 | 246946 |
| 23 | अुनदान से विकास कार्य | 60000000 | 4782000 |
| 24 | शहरी गरीबो को सुविधा उपलब्ध का खर्च | 20000000 | 000 |
| 25 | देव्या नगर योजना | 2500000 | 00 |
| 26 | जीएसटी | 2000000 | 1061800 |
| 27 | पार्क एवं शौचालय रखरखाव खर्च | 2000000 | 839543 |
| 28 | अन्य विकास कार्य खर्च | 1000000 | 00 |
| 29 | सीएफसी एंड एसएफसी खर्च | 80184000 | 00 |
| | कुल राशि | **89094739** | **304516000** |

### वर्ष 2024-25 में हुई नगरपालिका की आय का ब्योरा

| क्रम | शाखा | वास्तविक आय | अनुमानित बजट 2025 |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रॉपटी टैक्स | 2763440 | 1000000 |
| 2 | फायर टैक्स | 328500 | 300000 |
| 3 | लाइसेंस शुल्क | 00 | 50 हजार |
| 4 | तहबाजारी | 127100 | 150000 |
| 5 | भवन शुल्क | 00 | 5 लाख |
| 6 | स्टाम्प शुल्क | 20 लाख | 50 लाख |
| 7 | मृत पशुओं का ठेका | 00 | 10 हजार |
| 8 | नकल फीस | 590 | 30 हजार |
| 9 | विकास शुल्क | 4125000 | 15000000 |
| 10 | अन्य शुल्क | 740010 | 2500000 |
| 11 | रचना शुल्क | 99750 | एक लाख |
| 12 | मोबाईल टावर फीस | 00 | 50000 |
| 13 | टेंडर फीस | 70 हजार | 2 लाख |
| 13 | ईएमडी फीस | 50151 | 12500000 |
| 14 | विज्ञापन | 20 लाख | 50 लाख |
| 15 | किराया | 20838000 | 45 लाख |
| 16 | एसडब्लूएम चार्ज | 130848 | 00 |
| 17 | 2 प्रतिशत बिजली शेयर | 00 | 10 लाख |
| 18 | जीएसटी | 1071194 | 5400000 |
| 19 | दुकान की बिक्री | 00 | 76000000 |
| 20 | अन्य दुकान बिक्री | 17962068 | 30 लाख |
| 21 | सीएफसी प्लस एसएफसी | 80184000 | 10 करोड़ |
| | कुल | **159169651** | **364280000** |



महेंद्रगढ़। मुख्यमंत्री के साथ विधायक कंवर सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

## सब डिपो, आईएमटी, बाईपास, अनाज मंडी जैसे मुद्दे रखे : कंवर सिंह

- विधायक कंवर सिंह यादव ने बजट परामर्श बैठक में रखे विचार

**महेंद्रगढ़।** भाजपा विधायक कंवर सिंह यादव ने सोमवार को पंचकूला में 'बजट 2025-26 के लिए पूर्व बजट परामर्श' बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ सभी विधायकों के साथ शामिल हुए। इस महत्वपूर्ण बैठक में नॉनस्टॉप हरियाणा के विजन को साकार करने के लिए विभिन्न क्षेत्र के समग्र विकास पर गहन विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान उन्होंने बजट के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिबद्धता जताई कि हरियाणा की समृद्धि और कल्याण के लिए दिए गए प्रत्येक सकारात्मक सुझाव को बजट में शामिल किया जाएगा। राज्य के विकास में जनहित सर्वोपरि है और यह बजट हर वर्ग के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। विधायक कंवर सिंह यादव ने अपने विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मुद्दों पर विचार रखा, जिसमें सब डिपो, आईएमटी खुड़ाना, महेंद्रगढ़ बाईपास, नई अनाज मंडी, पशु विज्ञान केंद्र में सरकारी वीएलडीए कॉलेज, बीपीएल कॉलोनी में बिजली व्यवस्था, महेंद्रगढ़ से अटेली रोड, महेंद्रगढ़ से बवानिया रोड, कैंसर पीड़ित को आर्थिक सहायता आदि के बारे में विधायक ने 2025- 26 के लिए पूर्व बजट परामर्श' बैठक में अपने विचार रखे।

## ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग, किसानों ने खेतों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

- किसानों ने की सरकार से जल्द गिरदावरी करवाने की मांग
- ओलावृष्टि व तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से सरसों व गेहूं की फसलों में हुआ था नुकसान सब्जियां में हो गई थी नष्ट

जिले में ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर मंगलवार कों जाखनी गांव के किसानों ने खेतों में जाकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर फसलों को दिखाते हुए प्रदर्शन कर रहे किसानों ने फसलों की जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर मुआवजा देने की मांग की। इस मौके पर अनेक किसान मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर अन्य गांवों के किसान भी मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

बता दें कि गत दिनों जिले के अनेक गांवों में भारी ओलावृष्टि व तेज हवाओं के साथ बारिश हुई थी। ओलावृष्टि व बारिश के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह मुआवजा देने की घोषणा कर चुके है, लेकिन सरकार ने अभी तक क्षतिपूर्ति पोर्टल नहीं खोला है। जिसके कारण किसान परेशान हैं। इसी को लेकर मंगलवार को गांव जाखनी के किसानों ने अपने खेतों में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। किसानों ने फसल दिखाते हुए कहा कि ओलावृष्टि की वजह से उनकी पूरी की पूरी सरसों व गेहूं की फसल नष्ट हो गई है। जिससे क्षेत्र के किसान परेशान हैं, जबकि सरकार किसानों के इस दर्द की ओर ध्यान नहीं दे रही है।

### सरकार जल्द करवाए गिरदावरी

इस अवसर पर किसान मोनू यादव, रवि, रोहताश, जितेन्द्र यादव आदि किसानों ने कहा कि सरकार खराब हुई फसलों की जल्द से जल्द गिरदावरी करवाए तथा उनको मुआवजा दें। किसानों ने कहा कि न केवल जाखनी गांव, बल्कि आसपास के अनेक गांवों के किसानों की सरसों व गेहूं की फसलें शत प्रतिशत नष्ट हो गई है, लेकिन इसकी जानकारी लेने के लिए अभी तक जिला प्रशासन की ओर से कोई भी अधिकारी खेतों में नहीं आया है और न ही किसी नेता ने किसानों का हाल चाल जाना है।



नारनौल। मुआवजे की मांग को लेकर सरसों के खेत में प्रदर्शन करते किसान।



मंडी अटेली। ईवीएम के बाहर तैनात पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस कड़े पहरे में रखी हैं ईवीएम, 24 घंटे तैनात

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका चुनाव मतदान के बाद सभी ईवीएम को नपा कार्यालय स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच सील कर रखा हुआ है। स्ट्रांग रूम विभिन्न लेयर में कड़ी सुरक्षा के बीच सीसीटीवी के निगरानी में रखी हुई है। नपा भवन एक तरह छावनी बना हुआ है। उनके द्वारा बाहरी और भीतरी सुरक्षा व स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में जिला पुलिस बल के आईआरबी की टीम को तैनात किया गया है। विशेष सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। स्ट्रॉन्ग रूम को कैमरों से लैस किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम रमित कुमार ने बताया कि स्ट्रांग रूम की कड़े पहरे के लिए 24 घंटे के लिए आठ-आठ घंटे के लिए अलग-अलग ड्यूटी मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। प्रत्याशी अगर स्ट्रांग रूम के बाहर स्वयं भी बैठ सकते है, प्रत्याशियों के लिए स्ट्रांग रूम के बाहर सीसीटीवी लगाया हुआ है। यह सब चुनाव के निष्पक्ष व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कहा गया है। बता दें कि अटेली नगर पालिका के चुनाव दो मार्च को हुए है तथा 12 मार्च को मतगणना होगी तब तक ईवीएम कड़ी सुरक्षा के बीच में रहेगी। सोमवार को पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया था। एसपी ने स्ट्रांग रूम का दौरा का सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**मंडी अटेली।** फ्रेट कॉरिडोर रेलवे लाइन पर गाड़ी की चपेट में आने से मंगलवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया। रामजीलाल सुबह कॉरिडोर रेल लाइन को पार करने के दौरान मंडी अंडरपास के पास चपेट में आ गया। आसपास के लोगों ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। जिसकी सूचना पाकर जीआरपी मौके पर पहुंच कर अग्रिम कार्रवाई की। जीआरपी ने इत्तेफाकिया कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक युवक शादीशुदा जो अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## नकल रहित परीक्षा सामाजिक दायित्व, ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत प्रतिनिधि करें सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को महेंद्रगढ़ क्षेत्र के बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बेरी गांव के शहीद सूबेदार नेकीराम यादव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संचालित परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान फर्श व टाट पर बैठकर परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को देखकर जिला शिक्षा अधिकारी को डेस्क लगवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम अनिल कुमार यादव भी उनके साथ रहे। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र नकल की दृष्टि से काफी संवेदनशील होते हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से भी नकल रहित परीक्षा के संचालन में प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की है।

नकल रहित परीक्षा एक सामाजिक पहल होनी चाहिए। इसके लिए समाज के जिम्मेदार व्यक्ति भी प्रशासन के साथ सहयोग सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि जिले में संवेदनशीलता के साथ नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि एसडीएम स्तर के उड़नदस्ते यह जांच लें कि किसी भी परीक्षा केंद्र में टूटी खिड़की व दरवाजे न हों। रिहायशी क्षेत्र में बने परीक्षा केंद्रों के आस-पास बने मकानों से कोई व्यक्ति नकल को बढ़ावा न दे। ऐसा करने वालों पर बिना किसी देरी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए।

नकल रहित बोर्ड परीक्षा के लिए जरूरी है कि परीक्षा चाक चौबंद सुरक्षा में सुनिश्चित हो। इसी तरह परीक्षा केंद्र के अंदर नकलचियों पर सीधे एक्शन लेते हुए यूएमसी केस दर्ज कराने के निर्देश भी उपायुक्त ने दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कहीं भी यदि संगठित नकल के प्रयास देखने को मिलते हैं तो ऐसे परीक्षा केंद्र रद्द कर दिए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के अंदर नकल रहित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सेंटर सुपरिटेंडेंट, चीफ सुपरिटेंडेंट व डिप्टी सुपरिटेंडेंट निष्पक्ष होकर परीक्षा कराएं। डीसी ने कहा कि किसी भी केंद्र पर नकल कराने के प्रयास में संलिप्त जिम्मेदार अधिकारी व शिक्षक के खिलाफ एफआईआर व चार्जशीट जैसे सख्त एक्शन अमल में लाए जाएंगे। ऐसे में सभी नकल रहित परीक्षा के लिए सजगता से प्रयास करें। किसी भी हाल में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



महेंद्रगढ़। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीसी व एसडीएम।



नारनौल। परीक्षा केन्द्र पर तैनात पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### नकल रहित परीक्षा के लिए केंद्रों पर पुलिस का कड़ा पहरा

**नारनौल।** नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस का कड़ा पहरा है। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी के लिए टीमें लगातार गश्त कर रही है। हरियाणा बोर्ड की परीक्षाओं की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए जिले में पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पुलिस का कड़ा पहरा लगाया है। यह कदम छात्रों के भविष्य को सुरक्षित रखने और उन्हें एक समान अवसर प्रदान करने के लिए उठाया गया है। जिले में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस कर्मी परीक्षा केंद्रों के बाहर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए डीएसपी, एसएचओ व पेट्रोलिंग पार्टी परीक्षा के दौरान लगातार गश्त कर रही हैं। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर प्रतिबंध है।